प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 29.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- जॉब लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये लेने का आरोपी गिरफ्तार थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है कि दिनांक 24.10.2024 को वादी अमीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल वहीद निवासी मौहल्ला असालतपुरा, इस्लाम नगर थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद ने घटना दिनांक 12.06.2024 को आरोपीगण द्वारा वादी के साथियो से धोखाधड़ी करके दुबई में जॉब लगवाने के नाम पर 1,80,000/- रुपये ले लेना व नकली वीजा देने व दिये हुये रुपये मांगने पर मना कर देने के संबंध में थाना गलशहीद पर तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0- 172/2024 धारा-420/406/467/468/471 भादवि0 बनाम नदीम आलम आदि पंजीकृत कराया गया । साक्ष्यो के आधार व विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 29.11.2024 को व0उ0नि0 विनोद कुमार थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त नदीम आलम पुत्र वशीर अहमद निवासी रहमत नगर गली नं0 1, करूला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से 01 लैपटाप बरामद हुआ । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- चोरी करने का आरोपी अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार थाना कोतवाली नगरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 24.10.2024 को वादी सरफराज पुत्र मौ0 असलम निवासी नगर पंचायत सैफनी थाना सैफनी जनपद रामपुर ने अज्ञात चोर द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत इम्पीरियल तिराहा के पास वादी की जेब से 50000/- रूपये चोरी कर लेने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 166/2024 धारा- 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही व इलैक्ट्रानिक साक्ष्यो सीसीटीवी आदि के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त जोगेन्द्र पुत्र गुलफान निवासी ग्राम पीपलसाना थाना भोजीपुरा जनपद बरेली का नाम प्रकाश में आया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 29.11.2024 को म0उ0नि0 राजबेन्द्र कौर थाना कोतवाली नगर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त जोगेन्द्र पुत्र गुलफान उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमें से संबंधित 4260/- रूपये बरामद किये गये। तथा 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3-थाना भगतपुर पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.11.2024 को उ0नि0 अरुण कुमार थाना भगतपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टी अभियुक्त इरशाद पुत्र शमशाद निवासी ग्राम लालपुर बराही थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद संबंधित वाद संख्या- 453/2021 धारा 125(3) द0प्र0सं0 को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय भेजा गया।

4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.11.2024 को **थाना काँठ पुलिस** द्वारा आरोपी 1- रफत खाँ पुत्र जहाँगीर निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद तथा **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. सोमपाल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम गझेडा आलम थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद 2. ताहिर अली पुत्र रियासत हुसैन निवासी ग्राम बुढानपुर अलीगंज थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद 3. सानिब अली पुत्र तस्लीम निवासी ग्राम बुढानपुर अलीगंज थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना बिलारी पुलिस** द्वारा आरोपी जीतेन्द्र पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम वीरमपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।